nandgaon times 26nov-5.qxd 11/25/2024 11:56 PM Page 1

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर... पृष्ठ 2 | छत्तीसगढ़ सेजेस टीचर्स एंड... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 26 नवंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 44, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# कलयुग में भी माता शबरी और भगवान राम का मिलन

## बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर की आंखों में आंसू छलके, 75 साल की वृद्धा ने शबरी माता की तरह अपना दर्द बताया



**भदरवारा मऊरानीपुर जनपद झांसी।** आज 25 नवंबर 2024 को दोपहर 2:32 बजे जैसे ही हिंदू एकता पदयात्रा झांसी जनपद क्षेत्र के मऊरानीपुर से 6 किलोमीटर दूर भदरवारा मऊरानीपुर पहुंची । पचास से अधिक भक्तों के बीच मंच के नजदीक लगभग 70 वर्ष की एक माताजी टूटा चश्मा पहने आंसू बहा कर बैठी थी , बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर भोजन उपरांत जैसे ही भक्तों से मिलने मंच पर पहुंचे वह राष्ट्रीय हिंदू एकता पदयात्रा के बारे में दो शब्द बोल रहे थे उनकी निगाह एक शबरी माता की तरह एक वृद्धा महिला के ऊपर पहुंची वह भयंकर रो रही थी चश्मा टूटा था वह बहुत ही छोटे परिवार से होने के कारण और आर्थिक रूप से बहुत ही गरीब थी, उसके पास चश्मा खरीदने के लिए आर्थिक अभाव था। लेकिन आत्मा से भक्तिमय थी और वह 5 वर्षों से बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण की चर्चाएं गांव में अपने नातियों बच्चों से पुरुष महिलाओं से सुनकर मिलने के लिए व्याकुल थी महाराज ने उसे महिला को अपना उद्बोधन रोककर बीच में धार्मिक उद्बोधन रोकते हुए अपने मंच में आयोजन समिति से कहा कि मंच के बाहर जो दादी बैठी हैं माताजी बैठी हैं उनको मंच पर लाया जाए वह बहुत ही परेशान है और वह हमसे मिलने के लिए बेताब हैं । चार लोगों ने दादी माता को मंच पर चढ़ाया ,दादी मां महाराज की गली से लिपट के रोने लगी और महाराज के भी आंसू झलकने लगे उन्होंने अपने आप को संभालते हुए मध्य प्रदेश शासन के दो मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के अनेक वरिष्ठ राजनीतिक मध्य प्रदेश के कई विधायक समाजसेवी लगभग एक सैकड़ा पत्रकारों के बीच दादी मां को उन्होंने गले लगाते हुए बैठकर उसकी बात सुनी और कटनी के उद्योगपति राजनेता संजय पाठक से उन्होंने कहा कि दादी को चश्मा और कपड़े के लिए कुछ राशि दीजिए उन्होंने ?50 हजार की गड्डी निकाल कर महाराज के हाथ में रखे, लेकिन दादी मां रुपए लेने से मना करती रही जब बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने अपने सिर पर हाथ रख कर सौगंध दिलाई माता जी ने कुल मात्रा ?5000 स्वीकार किया बाकी रुपए वापस कर दिए और आशीर्वाद दिया कि बेटा हम सब छोटे परिवार के है आज हमारा जीवन धन हो गया आप हमें भगवान के रूप में मिले और अपने गले लगाया इस कलयुग में निश्चित रूप से ईश्वर साक्षात दर्शन देने वाले हैं , मेरी मनोकामना याद पूर्ण हो गई 5 वर्षों की मेरी लगन तपस्या सफ्ल हो गई । हमारा आशीर्वाद है तुम्हारी यात्रा मंगलमय हो सफ्ल हो ।मंगलमय ईश्वर से प्रार्थना करते हैं उस समय पूरा मंच भाव विभोर हो गया लगभग 50 से 60 हजार भक्तगण भंडारा मैदान में उपस्थित महाराज के दर्शन कर रहे थे इस दौरान जनमानस की आंखों में भी मानवता ईश्वर प्रेम और बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की हृदय की विशालता मानवता राष्ट्रीय एकता अखंडता सहिष्णुता समरसता और समाज के प्रति समर्पण की भावना के कारण सभी जनमानस ईश्वर से यही दुआएं देते नजर आए कलयुग में श्री हनुमान जी की तरह भगवान शिव के पुत्र की तरह वह सनातन संस्कृति को जगाने के लिए ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर समाज को संचित करने में लगे हैं निश्चित रूप से आने वाले समय में भारत सनातन धर्म का ध्वज पता का पूरे विश्व में फ्हराएगा अब कोई रोकने वाला नहीं है । इस अवसर पर उन्होंने जनमानस को शपथ संकल्प भी दिलाया सांठित होकर भेदभाव भूलकर सनातन धर्म की रक्षा के लिए काम करने के लिए जनमानस में संकल्प लिया । भारत के प्रसिद्ध अभिनेता पहलवान खली देश के महान एक्टर फिल्मी दुनिया के जनक श्री संजय दत्त पदयात्रा में शामिल रहे और उन्होंने पदयात्रा के महत्व को बताया साथ ही अपने उद्बोधन में महाराज श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को ईश्वर का प्रतिनिधि बताते हुए उनका जनमानस को साथ देकर हिंदू राष्ट्र और सनातन एकता पदयात्रा को सफ्ल बनाने की बात कही इस अवसर पर श्री कैलाश विजयवर्गीय श्री संजय पाठक श्री अरविंद पटेरिया मंच पर लगभग 50 राजनेता समाजसेवी उपस्थित थे । मऊरानीपुर झांसी नौगांव छतरपुर के लगभग 100 पत्रकार उपस्थित थे इस घटना को उन्होंने अपने कैमरे में कैद किया है । हमारे संवाददाता संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड लगातार पदयात्रा का कवरेज कर रहे है ।बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी द्वारा भंडरा मऊरानीपुर खिलारा ग्रामों में ऐसे लोगों को राय चलते गले लगाया है जिन्हें अपने जीवन में कभी भरोसा नहीं था कि वह महाराज जी से मिल सकते हैं महाराज श्री धीरेंद्र के शास्त्री जी अपनी अद्भुत शक्ति समर्थ और आत्मविश्वास से इस यात्रा में जो अपने आप को समाज का सबसे दवा कुछ ना मानते हैं जिन्हें कभी समझ में सम्मान नहीं मिलता है वह भगवान राम की तरह बनवासियो को गले लगा रहे हैं वनवासियों की तरह अपनी सनातन संस्कृति बचाने के लिए मानवता का परिचय दे रहे हैं ।देश में जाती वर्ग में विभाजन करने वाले राजनेता फोटो को देख है बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र किस शास्त्री जी ने शबरी माता की तरह एक दलित परिवार की माता जी को गले लगाकर आंसू कुछ गले से लिपट कर उसको मां की उपाधि के रूप मैं संबोधित किया, हाथ पकड़ पर मंच पर बुलाया और गले से लगाया और उसको मंच पर आर्थिक मदद भी की । उसके आंसुओं के साथ महाराज जी के आंखों में आंसू भर आए । संपूर्ण पद यात्रा में शामिल सभी पद यात्रियों और भक्तों को सुप्रभात से लेकर मध्यरात्रि तक प्रत्येक प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने भोजन भंडारा विश्राम की सुविधा



औषधीय की व्यवस्था को लगातार स्वयं निगरानी में रखते हैं सभी सेवादारों को उनका संकल्प और निर्देश है कि वह पदयात्रा में आने जाने वाले किसी भी यात्री को किसी भी तरह का कष्ट होना चाहिए पदयात्रा में अन्नपूर्णा जलपान स्वागत सत्कार और स्वल्पाहार करवाने वालों के लिए वह प्रतिदिन अपने विश्राम के बाद उद्बोधन में उनका अभिनंदन स्वागत और आभार व्यक्त करने में नहीं चूक रहे हैं उन्होंने खजुराहो से राह चलते सभी मीडिया वालों का भी धन्यवाद दिया है जो लगातार उनकी पदयात्रा को अपनी कड़ी मेहनत मशक्कत के बाद कवरेज कर रहे हैं बीच-बीच में हुआ है पत्रकारों को गाली लगते हैं उनका मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें यह एहसास करा देते हैं कि वह उनके भाई हैं उनके परिवार के हैं मीडिया की वजह से ही वह आज राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर पहुंच कर धर्म का प्रचार करने में कामयाब हो रहे हैं । बुंदेलखंड के समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार श्री संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड लगा तारीख 30 तारीख से राष्ट्रीय सनातन एकता पदयात्रा का कवरेज करने में लगे हैं उनके बारे में भी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने ग्राम भंडरा मऊरानीपुर खिलारा में पदयात्रा के दौरान माइक से कहा कि श्री कर्मयोगी जी कठिन मेहनत करके यात्रा में साथचल रहे हैं । 21 नवंबर 2024 से लगातार सनातन एकता पदयात्रा हिंदू राष्ट्र बनाने सभी को संकेत करने छुआछूत दूर करने रूढ़िवादी और पुरानी परंपराएं रीति रिवाज जो समाज को दिशाहीन करती हैं उन्हें खत्म करने के लिए उनकी पदयात्रा चल रही है 25 नवंबर 2024 को मऊरानीपुर में 5 दिन का विश्राम हुआ जिसमें फिल्मी दुनिया के अभिनेता पहलवान शामिल हो रहे हैं भारत के जाने-माने संत महात्मा ऋषि मुनि कथा व्यास प्रतिदिन पदयात्रा में कहीं ना कहीं शामिल होकर भारत के इतिहास को बदलकर सनातन धर्म का ध्वज फ्हराने के लिए अपनी अपनी तरफसे शुभकामनाएं आशीर्वाद और सहभागिता निभा रहे हैं ।

## कुंभ मेला एवं पुरी शंकराचार्यजी के प्रस्तावित प्रवास पर बैठक आज

अरविन्द तिवारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स ) ।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित



श्रीमज्जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामीश्री निश्चलानंद सरस्वतीजी महाराज द्वारा संस्थापित श्रीसुदर्शन संस्थानम , रावाभांठा रायपुर में आज 26 नवम्बर 2024 मंगलवार को दोपहर दो बजे हिन्दू राष्ट्र अभियान को लेकर प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में अतिआवश्यक बैठक रखा गया है। प्रांतीय कार्यालय की ओर से इस बैठक में पीठ परिषद , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी के सभी जिलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से उपस्थित रहने की अपील की गई है। बैठक में मुख्य रूप से प्रयागराज कुंभ मेला व्यवस्था 2024 और आगामी दिसम्बर माह में पूज्य गुरुदेव भगवान के रायपुर प्रवास के प्रस्तावित कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा होगी। इसकी जानकारी सुदर्शन संस्थानम , पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी।

## जनता द्वारा खारिज किए गए लोग हुड़दंग बाजी से संसद को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्हें लोगों ने 80-90 बार खारिज कर दिया है, वे अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए च्हुड़दंगबाजीज् का सहारा लेकर संसद को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से सत्र के दौरान स्वस्थ चर्चा का आह्वान भी किया। मोदी ने कहा कि ऐसे मुट्ठीभर लोग अपने इरादों में कामयाब नहीं हो सके और देश के लोगों ने उनके कार्यों को देखा और उचित समय पर उन्हें दंडित भी किया। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन की शानदार जीत के कुछ दिनों बाद आई है। 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा गठबंधन ने 235 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की वहीं विपक्षी महा विकास अघाडी महज 49 सीटों पर सिमट गई। इससे पहले, भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में आश्चर्यजनक रूप से लगातार तीसरी जीत दर्ज की थी और कांग्रेस को पराजित किया था। मोदी ने कहा, च्हमारे संविधान की महत्वपूर्ण इकाई हैं - संसद और हमारे सांसद। संसद में स्वस्थ चर्चा हो, ज्यादा से ज्यादा लोग चर्चा में अपना योगदान दें।ज्ज उन्होंने कहा, च्दुर्भाग्य से कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए... मुट्ठी भर लोग... हुड़दंगबाजी से संसद को नियंत्रित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनका अपना मकसद तो सफ्ल नहीं होता, लेकिन देश की जनता उनके सारे व्यवहार को बारीकी से देखती है और जब समय आता है तो उन्हें सजा भी देती है।


## छापेमार कार्यवाही में डोंगरगढ़ के कोचियों का 473 कट्टा अवैध धान जप्त

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** एक के बाद एक आधा दर्जन ट्रेडर्स सहित धान कोचियों पर राजस्व, मंडी सहित खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा अवैध धान को रंगे हाथ पकड़कर जप्ती की कार्यवाही करने में सफ्लता प्राप्त हुई है तो दूसरी ओर इस ताबड़तोड़ कार्यवाही से क्षेत्र के ट्रेडर्स संचालकों सहित धान कोचियों में हड़कंप मच गया है. जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन पर डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के मार्ग निर्देशन राजस्व अमला, कृषि उपज मंडी व खाद्य विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा डोंगरगढ़ क्षेत्र के ट्रेडर्स कंपनी के स्टॉक के पंजी की लगातार जाँच की जा रही है वहीं बाहर से आए धान पर कोचियों पर निगरानी रखी जा रही है और अवैध धान की जप्ती बनाने का सिलसिला लगातार जारी है. इसी कड़ी में अवैध धान के रोकथाम के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत संयुक्त टीम को लगभग आधा दर्जन कोचियो से 473 कट्टा अवैध धान पकड़ने में सफ्लता प्राप्त हुई है. प्राप्त जानकारी में बताया गया कि 20 नवम्बर 2024 को दुर्गाप्रसाद साहू पिता कार्तिक राम उम्र लगभग 54 वर्ष जो कि धान कोचिया का कार्य करता है और सूचना



**मामला- ग्राम ढारा, मुसरा, पटपर,आलीवारा में छापामार कार्यवाही का.**

मिली थी यह बाहर से धान मंगाकर स्टॉक में रख सोसाईटी में खपाने के फ्रिाक में था और मौका स्थल पर छापेमार कार्यवाही में गोदाम से 48 कट्टा धान जप्त किया गया. इसी प्रकार 22 नवम्बर 2024 को चावड़ा ट्रेडर्स संचालक बलराम चावड़ा निवासी के यहाँ स्टॉक पंजी मिलाने पर 88 कट्टा धान अधिक पाया गया और जिसका कोई वैध दस्तावेज पूछने पर कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया जिस पर जप्ती कार्यवाही की गई. उसी प्रकार ग्राम ढारा निवासी योगेश्वर दास वैष्णव पिता पिता कन्हैया दास के यहाँ पर स्टॉक पंजी मिलाने पर 88 कट्टा धान स्टॉक मात्रा से अधिक पाया गया. वहीं अग्रवाल ट्रेडर्स संचालक भागचंद अग्रवाल पिता राधेश्याम निवासी ग्राम मुसरा के गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान 87 कट्टा धान स्टॉक मात्रा से अधिक पाया गया. चौकानें वाली बात है कि क्षेत्र निरीक्षण के दौरान ग्राम आलीवारा के धान कोचिया डकेश वर्मा पिता शादीराम वर्मा के निवास से 45 कट्टा अवैध धान रंगे हाथ पकड़ा गया और धान के बारे में पूछताछ करने पर कोई संतुष्टपूर्ण जवाब प्राप्त नहीं हुआ जिसकी जप्ती बनाई गई. वहीं ग्राम ढारा निवासी अग्रवाल ट्रेडर्स चतुर्भुज अग्रवाल पिता राधेश्याम अग्रवाल के गोदाम में स्टॉक पंजी मिलाने पर 100 45 कट्टा धान अधिक पाया गया. सभी प्रकरणों में अवैध धान के कट्टे की विधिवत् जप्ती बनाकर धारा 23 एवं 19/4 के तहत मंडी अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही प्रतिपादित की गई है. वहीं एसडीएम मनोज मरकाम से चर्चा करने पर बताया गया कि अवैध धान के तहत चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी रहेगा. उक्त कार्यवाही के दौरान तहसीलदार मुकेश ठाकुर, कमल किशोर साहू, खाद्य निरीक्षक सिद्धांत मिश्रा, मंडी निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद चंद्राकर उपस्थित रहे.

# राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदने से किसानों में खुशी

## राज्य शासन द्वारा 3100 रूपए की दर से किसानों का धान खरीदने से किसान समृद्धि की ओर अग्रसर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रत्येक किसान अपनी उपज और मेहनत का सही दाम मिले यही उम्मीद रखता है। किसानों की उम्मीद और उनकी उपज का वास्तविक मूल्य देने के लिए राज्य शासन द्वारा 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने के लिए धान खरीदी महाभियान चलाया रहा है। राज्य शासन किसानों के वास्तविक उपज को समर्थन मूल्य में खरीदी कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल बना रही है। शासन द्वारा किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने और खरीदी केन्द्र में किसानों को मिल रही सुविधाओं पर जिले के किसान बहुत खुश है। राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र भर्रेगांव में धान विक्रय करने आए ग्राम पार्रीखुर्द के किसान श्री महेश कुमार वैष्णव ने बताया कि वे 140.80 क्विंटल धान बेचने आए है। उनके पास 6 एकड़ 70 डिस्मील खेती जमीन है, जिसमें वे धान की उपज लिया है। उन्होंने शासन को धन्यवाद करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी करने पर उनकी उपज का वास्तविक दाम मिल रही है और राशि भी शीघ्र खाते में मिल रही है। जिससे वे बच्चों की अच्छी शिक्षा मुहैया कराया पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य की राशि एक मुश्त मिलने पर वे अपने पुत्र को एनआईटी में उच्च शिक्षा दिला पा रहे हैं।

इसी तरह धान उपार्जन केन्द्र भर्रेगांव में धान विक्रय करने आए ग्राम भर्रेगांव किसान श्री वेद प्रकाश चंद्राकर ने बताया कि वे 162 क्विंटल धान विक्रय करने आए है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा 3100 रूपए में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदकर 72 घंटे के भीतर किसानों के खाते में राशि अंतरण से किसान बहुत खुश है। इसके साथ ही माइक्रो एटीएम से 10 हजार रूपए भुगतान तुरंत हो रहा है जो सरकार की अच्छी पहल है। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था रखी गई है। धान उपार्जन केन्द्र में पेयजल, छांव, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। ग्राम मोखला के किसान श्री देवनाथ साहू ने बताया कि वे धान उपार्जन केन्द्र भर्रेगांव में 58.40 क्विंटल धान बेचने आए है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा 3100 रूपए की दर से किसानों की उपज खरीदने से किसान समृद्धि की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि किसान अपनी जरूरतों के साथ-साथ खेती-किसानी को बढ़ाने के लिए राशि का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे धान विक्रय की राशि से वे खेती-किसानी को बढ़ाने के लिए खरीदे कृषि यंत्र और ट्रेक्टर की किश्त का भुगतान करेंगे। श्री देवनाथ साहू ने राज्य शासन द्वारा धान उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए किए गए व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बहुत ही सरल तरीके से ऑनलाईन टोकन हमर हाथ के माध्यम से धान विक्रय के लिए टोकन कटवाया था। धान उपार्जन केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता, पारदर्शिता तरीके से इलेक्ट्रानिक तौलाई, खाते में राशि अंतरण किया जा रहा है। इसके साथ ही धान उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। इसके लिए उन्होंने राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सार्वजनिक स्थानों व सड़कों में बिल्डींग मटेरियल व मलमा संग्रहण नहीं करने आयुक्त ने की अपील



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निगम सीमांतर्गत संक्रमण बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुये होटलों, खोमचे, फल व सब्जी दुकानों आदि के लाईसेंस निरीक्षण,पालीथीन का उपयोग एवं सड़े गले खाद्य पदार्थो को नष्ट करने स्वास्थ्य अमला एवं शहर में निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने व मलमा मण्डप शुल्क वसूलने आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने नगर निगम की टीम गठित की है। गठित टीम समझाईस दे रही है, अपालन पर कार्यवाही भी कर रही है। इसी कड़ी में आज मोहारा रोड में बिल्डींग मटेरियल रखने पर हटाने समझाईस देकर जुर्माना वसूला गया। साथ ही अज्ञात व्यक्ति द्वारा सडक में मुरूम रखने पर, मुरूम जप्ती की कार्यवाही की गयी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि कतिपय लोगों के द्वारा अपने आवास व दुकानों के सामने सडक पर बिल्डींग मटेरियल व मलमा तथा दुकानों का समान रखकर अतिक्रमण कर लिया जाता है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ साथ गंदगी फैलती है। जिसे ध्यान में रखते हुये नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता निरीक्षण कर कार्यवाही कर रही है, कार्यवाही के तहत आज मोहारा में अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुरूम रखने पर मुरूम जप्ती की कार्यवाही की गयी तथा रेती, गिट्टी आदि मटेरियल वालों को उठाने समझाईस देकर जुर्माना वसूला गया। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील करते हुये कहा है कि मलमा सड़क पर न रखे एवं अपने दुकान का समान दुकान की सीमा में रखे, अन्यथा जप्ती करते हुये अर्थदण्ड की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उन्होंने होटलो, खोमचों एवं फल-सब्जी व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई करने,खाद्य सामाग्री को ढककर रखने ताजा खाद्य सामाग्री का विक्रय करने एवं प्लास्टिक कैरी बैग उपयोग नहीं करने की अपील की है। इसके अलावा उन्होंने संक्रामक बीमारी से बचने आम जनता से अपने घरों व घरों के आस-पास साफ सफाई रखने,प्लास्टिंक कैरीबेग का उपयोग नही करने तथा ताजा खाद्य सामाग्री का उपयोग करने की अपील की है।

# झारखंड विस चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत में अब्दुल कलाम की रही अहम भूमिका



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बीते दिनों हुए झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत में अब्दुल कलाम की महत्वपूर्ण रही। बता दें कि, इन्होंने विधानसभा झारखंड प्रभारी एवं मंत्री इरफान अंसारी की विधानसभा सीट जामताड़ा सहित कई मंत्रियों और विधायकों के लिए प्रचार किया था। गत 5 नवंबर को जामताड़ा विधानसभा सीट के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। अब्दुल कलाम ने झारखंड विस चुनाव में सबसे मजबूत टीम लगाने और बहुमत के साथ इंडिया गठबंधन की जीत में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने का विश्वास पहले ही जताया था। परिणाम स्वरूप इंडिया गठबंधन की सरकार को आज फिर से जनता ने अपना बहुत प्यार देकर सरकार बनाने का एक बार फिर से मौका दिया है। झारखंड विस चुनाव में पर्यवेक्षक की जो जिम्मेदारी अब्दुल कलाम को सौंपी गई थी, उस जिम्मेदारी को उन्होंने बखूबी निभाया है। प्रचार के तारतम्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़गे, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, सांसद पप्पू यादव के साथ मिलकर खूब प्रचार-प्रसार किया था। नतीजन आज झारखंड विस चुनाव में इंडिया गठबंधन ने पुनः ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने झारखंड के सुधि मतदाताओं का बहुत-बहुत आभार जताया है, जिनके कारण ही कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर विश्वास कर उनके पक्ष में जमकर मतदान किया है।श्री अब्दुल कलाम ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अल्पसंख्यक के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी का भी बहुत-बहुत आभार जताया है, जिन्होंने उन पर भरोसा करके ऐसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी थी। अब्दुल कलाम ने पूरे भरोसे और विश्वास के साथ कहा है कि, यदि आगे भी इस तरह की उन्हें कोई जिम्मेदारी दी जाती ह।

# नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया 76 वां एन.सी.सी. दिवस



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन में 25 नवम्बर को 76 वें एनसीसी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रानी सुर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया के सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) एवं एनसीसी ईकाई के मेजर मेजर डॉ. राजेंद्र शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहा.प्राध्या. अर्थशास्त्र एवं पूर्व एनसीसी अधिकारी डॉ. आर.आर.कोचे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वाणिज्य विभागाध्यक्ष जी.के. यादव, भूगोल विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमें सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ महापुरुषों एवं शहीद वीर जवानों के समक्ष दीप प्रज्जलवन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। एनसीसी कैडेट जूनियर अंडर ऑफिसर खुशी महोबिया के द्वारा परेड का निरीक्षण करवाया गया एवं मार्चपास्ट भी किया गया। पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने भाषण एवं देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मेजर डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि वह भी अध्ययनकाल के दौरान एक एनसीसी कैडेट थे, तत्पश्चात असिस्टेंट प्रोफेसर रहते हुए यही से एनसीसी ऑफिसर बने। उन्होने एनसीसी कैडेट्स को एकता और अनुशासन की परिभाषा एवं उनका सामाजिक और राष्ट्र जीवन में महत्व को विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व एनसीसी अधिकारी डॉ. आर.आर. कोचे ने कहा कि एनसीसी कैडेट होना अपने आप में गर्व की बात है, क्योंकि महाविद्यालय में वर्तमान सत्र में लगभग 2000 नियमित विद्यार्थी हैं उनमें से सिर्फकुछ चुनिंदा विद्यार्थी ही एनसीसी ज्वाइन किया है, तो इस बात पर गर्व किया जा सकता है। एनसीसी अधिकारी गुलशन सिन्हा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनसीसी कैडेट रहे, देश की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एनसीसी कैडेट्स रहे और प्रथम महिला आईएएस ऑफिसर किरण बेदी एनसीसी ऑफिसर रहे। हमारे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं



विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह भी एनसीसी कैडेट् रहे। कार्यकम के अंत में मुख्य अतिथि मेजर डॉ. राजेन्द्र शर्मा को महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया साथ ही एनसीसी गतिविधियों में विशेष सेवा एवं सहयोग प्रदान करने वाले कैडेट्स को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.एम.एल. नंदेश्वर, प्राध्यापकगण श्रीमती नीलम चतुर्वेदी,, डॉ.नीता राजपूत, डॉ. येशुक्रिती, एवलाल मेश्राम, डॉ. सपना परिहार, डॉ. नौशीन अंजुम, अनिमा मिंज, मनीषा भेडिया, अंजलि देवांगन, योग शिक्षिका मंजू धनकर सहित एनसीसी कैडेट्स एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एनसीसी अधिकारी गुलशन

# संविधान दिवस पर आज निकलेगी भव्य मोटर साईकिल रैली




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बौद्ध कल्याण समिति (बौद्ध समाज) राजनांदगांव के प्रतिनिधत्व में भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन 26 नवम्बर को किया जा रहा है। समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य रैली निकाली जायेगी। जिसमें सभी सामाजिक बंधु एकत्र होकर रैली में सम्मिलित होते हैं। शहर के समस्त वार्डो में रैली भ्रमण करती है तथा सम्पूर्ण शहर में रैली भ्रमण करती है। शहर के चैक चैराहों में संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया जाता है, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं देश भक्ति गीतों के साथ रैली शहर भ्रमण करती है, वरिष्ठ, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में भाग लेकर एकता का परिचय देते हैं। समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया कि संविधान रैली बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर चैक से सुबह 8 बजे प्रारंभ होकर सम्पूर्ण नगर भृमण करते हुए कलेक्टर परिसर में समाप्त होगी। उसके पश्चात बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा।रैली का मार्ग रूट आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन राजनांदगांव से प्रारंभ हो कर तुलसीपुर-ममता नगर, ब.नवागांव, मोतिपुर, राम नगर, शंकरपुर, शांति नगर, पुराना ढ़ाबा, चीखली, स्टेशन पारा, मठ पारा, आम्बेडकर चैक, आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन राजनांदगांव।इस संपूर्ण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। संविधान रैली के प्रभारी राजू बारमाटे, शैलेश ठावरे एवं सहप्रभारी विजय रंगारी, विनोद श्रीरंगे, राहुल गजभिये होंगे। कांति कुमार फुले अध्यक्षता करंगे। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका के रूप में उपाध्यक्ष प्रवीण लोनहरे, नंदा मेश्राम, सचिव नीलेश रामटेके, कोषाध्यक्ष सुनील सुषमाकर महिला अध्यक्ष वंदना मेश्राम महिला मंडल कार्यकारणी तथा सभी वार्ड अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भी रैली में मार्गदर्शन करेंगे। बौद्ध कल्याण समिति सभी सामाजिक बंधुओं से अपील करती है रैली में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सामाजिक एकता का परिचय देंगे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

प्र0क्र 20241109100013
अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बापूटोला प.ह.नं. 14. रा.नि.मंडल वापूटोला, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका लक्ष्मी सिन्हा ध.प. श्री यशवंत सिन्हा, निवासी ग्राम रंगीटोला, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम बापूटोला, प.ह.नं. 14. तहसील छुरिया स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 38/4 रकबा 0.028 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु संशोधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 04/12/2024 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि. 04/12/2024 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

**जारी दिनांक 19/11/2024**
**सुनवाई दिनांक 04/12/2024**

सील | **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव**

**शुभांक**
**2-3-7**
**379-9 280-0**
**भाग्यांक**
**339-5 569-0**

# सुरगी मे रंगारंग बाल मेला आयोजित









**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के विधायक आदर्श ग्राम सुरगी में विगत 18/11/24 को रंगा रंग बालमेला संपन्न हुआ।बाल मेला में 6 से 12तक के बच्चे विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए थे.इस अवसर पर शा.उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी के बच्चों ने अपनी अपनी कक्षा को सजावट करके और विज्ञान के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए थे, इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित किये थे, मुख्य आकर्षण 12 कक्षा के साइंस के बच्चों ने सभी विषयो का सूत्र को रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित किये थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिन बघेल और अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुकृत दास साहू और विशेष अतिथि कोमल सिंह राजपूत और लीलाधर साहू, सरपंच आनंद साहू और गुरुचरण सिन्हा और उपसरपंच शनि साहू, घनश्याम साहू, नारद साहू, गज्जू साहू, होमन निषाद, पवन साहू, खिलेश्वर साहू, तेजप्रकाश सिन्हा, कुशाल प्रसाद साहू, याषिका साहू, रुखमनी साहू, जसवंत साहू, जीवन साहू, कोमीन साहू, त्रिलोक चंद पारख, देवेंद्र जैन, चंद्र प्रकाश आदि समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एन. के. साहू, व्याख्याता गणो में योगेश गौतम, बसंती शर्मा, दिनेश सिन्हा, कु. वंदना देवांगन, सुश्री चारुलता भौतमांगे, हेम लता साहू, स्मिता मिश्रा, किरण साहू, गीतांजलि साहू, चित्रलेखा साहू, नीरा ठाकुर, वीरेन्द्र टेम्भुरकर, सुशील नारायण शर्मा, अरुणा साहू,देवेंद मंडावी, बलराम आर्य, शिवम झा, पंकज चंदेल, क्षत्रपाल देशमुख, देवेंद्र साहू, और भृत्य मनीष अवस्थी, प्रमिला राय आदि लोग उपस्थित थे।

# असुविधा से बचे, आधार अपडेट अवश्य कराये

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं व कार्यक्रमों का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में मान्य किया गया है। किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए जिला का नाम आधार कार्ड में अपडेट होना आवश्यक है। आधार पोर्टल की वेबसाइट में अब जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का नाम अद्यतन कर लिया गया है। अविभाजित जिला राजनांदगांव के नाम पर आधार कार्ड धारित हितग्राही अब जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के नाम आधार अपडेशन कराने के लिए अपने नजदीकी आधार सेवा केंद्र में पहुंचकर आधार अपडेट करा सकते हैं। ई-जिला प्रबंधक श्री महेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के लिए भारत सरकार आधार प्रदाय सेवा द्वारा जिला का नाम आधार पोर्टल में दर्ज हो गया है। जिले के नागरिक अब बिना किसी परेशानी के निर्धारित शुल्क देकर जिला मोहला-मानपुर -अंबागढ़ चौकी के नाम पर आधार अपडेट करा सकते हैं। हितग्राहियों को अपने नजदीकी आधार सेवा केंद्र में अपना पुराना आधार कार्ड लेकर पहुंचना होगा। उल्लेखनीय है कि जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत वर्तमान में पुराना पटवारी कार्यालय भवन बांधाबाजार, तहसील कार्यालय अंबागढ़ चौकी, ग्राम पंचायत भवन आमाटोला, उप तहसील भवन वासड़ी, कलेक्ट्रेट कैंपस मोहला, तहसील कार्यालय मानपुर, ग्राम पंचायत भवन मानपुर, ग्राम पंचायत भवन खरदी, तहसील कार्यालय औंधी, डिजिटल चॉइस सेंटर मुरेटीटोला, ऑनलाइन सेंटर कोटरा, सीएससी सेंटर सीतागांव में आधार अपडेशन का कार्य किया जा रहा है।

## छात्रावास संचालन हेतु किराए के भवन की आवश्यकता

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित 100 सीटर शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर कौरिनभाठा राजनांदगांव के संचालन के लिए सुविधायुक्त किराए के भवन की आवश्यकता है। सुविधायुक्त भवन को किराए पर देने के इच्छुक निजी भवन मालिक 3 दिसम्बर 2024 तक जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 66 में विभागीय उप अभियंता से संपर्क कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

## सहारा इंडिया कंपनी के निवेशकों को निवेश की राशि लौटाने सहारा रिफण्ड पोर्टल लांच

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सहारा इंडिया कंपनी के निवेशकों को निवेश की राशि लौटाने के लिए सहारा रिफण्ड पोर्टल लांच किया गया है। निवेशक स्वयं अथवा लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से पोर्टल में अपना पंजीयन कर निवेश राशि की वापसी के लिए दावा प्रस्तुत कर सकते है।

# सहस्त्रबाहु अर्जुन जयन्ती कार्यक्रम में सामाजिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार की स्वीकृति की सौगात



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पांडादाह में आयोजित सहस्त्रबाहु अर्जुन के जयंती के कार्यक्रम में पांडादाह में डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज के द्वारा आयोजित सहस्त्रबाहु जयंती के कार्यक्रम रखा गया गया जिसमें हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़ ने सहस्त्रबाहु और माता बहादुर कलारिन के तैल चित्र में दीप प्रज्वलित कर समस्त जनता जनार्दन एवं समस्त समाजिक गणो को संबोधित करते हुए कहा हमे अपने समाज को एक जुट होकर संगठित करके चले तो हम आने वाले समय मे अपने समाज को एक नए ऊँचाई पर ले जा सकते है इसके लिए हमे शिक्षित होना बहुत जरूरी है और माता बहादुर कलारिन की गाथा को बताते हुए कहा माता बहादुर कलारिन नारी उत्थान के लिए काम करती थी . मां बहादुर कलारिन को लेकर कई सारी बातें प्रचलित हैं, मांता बहादुर कलारिन के बारे में बहुत सी बातें आती हैं. पर हम ये सोचते हैं कि इसमें आज शोध करने की जरूरत है क्योंकि वो नारी उत्थान के विषय में काम करने वाली एक महिला थी।हमे माता बहादुर कलारिन के दिये हुए मार्गदर्शन में तत्पर आगे बढ़ना है और सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।और समस्त (सिन्हा)कलार समाज के समस्त सदस्यों का आभार करते हुए समाजिक मांग को देखते हुए कलार समाज के सामाजिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार की सौगात दी और अपनी उद्बोधन को समाप्त की।इस सौगात से समस्त सामाजिक एवं ग्रामीणों में बहुत ही उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सिन्हा कलार समाज दीनदयाल सिन्हा,ब्लॉक अध्यक्ष मुढ़ीपार कोमल साहू ,ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगढ़ ग्रामीण सुरेश सिन्हा ,सरपंच सरिता यदु ,भीखम सिन्हा ,घनश्याम सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि मुढ़ीपार, कुम्भलाल सिन्हा, मंडलेस्वर के,सी,जी,भगवती प्रसाद सिन्हा



कोषाध्यक्ष कलार समाज के,सी,जी, उदय सिन्हा,बिसहुवा सिन्हा ,दलेश्वर सिन्हा गुमान सिन्हा,श्रीकेस सिन्हा देवकान्त यदु,महेंद्र जंघेल,मुकेश श्रीवास्तव,घासीदास यादव,एवं समस्त सामाजिक गण उपस्थित रहे।

nandgaon times 26nov-5.qxd 11/25/2024 11:56 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) राष्ट्रीय नियोजन में रोलिंग प्लान की अवधारणा किसके द्वारा लागू किया गया था?*
*2) उस बिंदु के लिए खगोलीय शब्द क्या है जब पृथ्वी सूर्य के सबसे निकट होती है?*
*3) हाल ही में भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विभाग एजेंसी द्वारा अनावरण की गई गृह पत्रिका का नाम क्या है?*
*4) ताजे दूध का पीएच 6 है। जब वह खट्टा हो जाता है, तो उसका पीएच कितना होता है?*
*5) खबरों में देखा गया बताद्रवा थान मंदिर किस राज्य में स्थित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) जनता सरकार के द्वारा (2) पेरीहेलियन (3) पहल
(4) 6 से कम (5) असम

## धान विक्रय करने आये किसानों को नहीं है कोई समस्या, मेहनत का मिल रहा है दाम

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के धान खरीदी केंद्रों में धान विक्रय करने आये किसानों का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। किसानों को मनचाहा दिन धान विक्रय करने आने के लिए अवसर दिया जा रहा है। किसान अपनी सुविधा अनुसार ऑनलाइन एप के माध्यम से टोकन कटा कर धान विक्रय करने उपार्जन केंद्र पहुंच रहे हैं। धान विक्रय करने आये किसानों को यहां बैठने के लिए छाया, पेय जल की सुविधा मुहैय्या कराया जा रहा है। धान उपार्जन केंद्र चिल्हाटी में धान विक्रय करने आये ग्राम खडखड़ी के किसान श्री चंदूलाल ने बताया कि शासन द्वारा बनाई गई नई नीति से किसानों को बड़ा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि उन्हें धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि 3100 रुपये की दर से 21 क्विंटल धान की बिक्री होने से किसानों की मेहनत का पूरा ईनाम मिल रहा है। धान की खरीदी में पारदर्शिता होने से किसानों के पसीने का सम्मान हो रहा है। उन्होंने कहा कि 3100 रुपये की दर से मिली राशि से वे अपनी आवश्यकतानुसार जरूरत को पूरा कर सकेंगे। किसान श्री चंदूलाल ने बताया कि यह दूसरा मौका है कि उन्हें 3100 रुपये की दर से धान विक्रय करने का अवसर मिला है। किसान ने बताया कि शासन की नीति से हर किसानों के घर में खुशहाली ने दस्तक दिया है। उन्होंने कहा कि उनके जैसे सभी किसान शासन की नीति की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को किसानों की चिंता करने वाली सरकार बताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें 0 प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण भी मिला है।



## दरकार

स्वास्थ्य शिक्षा जल व्यवस्था,
जिसकी सबको दरकार है।
**ससत्तर वर्षो का ये दौर,**
**फिर यह कमी बरकरार है।**
क्यों न मांगे यह सुविधा,
जिसका सबको अधिकार है।
हमारा संविधान अति प्यारा,
जिसने दिया यह अधिकार है।

**गजेंद्र बख्शी**
**अधिवक्ता**
**32 रिद्धि सिद्धि कालोनी पेज 3,**
**राजनांदगांव (छ ग)**

# छत्तीसगढ़ सेजेस टीचर्स एंड एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सहसचिव एवं जिला अध्यक्ष बने हर्षवीर वैष्णव

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत सेजेस संविदा शिक्षकों के अधिकार और समस्याओं को मुखरता से उठाने के लिए गठित छत्तीसगढ़ सेजेस टीचर्स एंड एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने राजनांदगांव जिले में स्थित पदुमलाल पुनालाल बख्शी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के व्याख्याता हर्षवीर वैष्णव को संघ का प्रदेश सहसचिव एवं जिला अध्यक्ष (राजनांदगांव) नियुक्त किया है। यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष श्री विकास तिवारी जी के द्वारा सौंपी गई है।

**हर्षवीर वैष्णव की नियुक्ति का उद्देश्य**- हर्षवीर वैष्णव की नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं को प्रदेश स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाना और उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाना है। श्री हर्षवीर को उनकी बेहतरीन नेतृत्व क्षमता, शिक्षकों के प्रति प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति निष्ठा के कारण यह पद दिया गया है। उनकी यह भूमिका संघ की गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक होगी।

**एसोसिएशन के उद्देश्य और भूमिका**- छत्तीसगढ़ सेजेस टीचर्स एंड एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन का गठन राज्य में संविदा शिक्षकों और कर्मचारियों की भलाई के लिए किया गया है। यह संघ शिक्षकों की वेतन विसंगतियों, स्थायीकरण, सेवा शर्तों में सुधार और अन्य अधिकारों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करता है। श्री हर्षवीर वैष्णव जैसे ऊर्जावान और प्रतिबद्ध व्यक्तित्व के जुड़ने से



संघ को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

**हर्षवीर वैष्णव की प्रतिक्रिया** -अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हर्षवीर वैष्णव ने कहा, मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। संविदा शिक्षकों और कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

**प्रदेशाध्यक्ष विकास तिवारी की प्रतिक्रिया**- संघ के प्रदेशाध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा, हर्षवीर वैष्णव की नियुक्ति से संघ को मजबूती मिलेगी। उनके नेतृत्व में संघ के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकेगा। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष विकास तिवारी ने जताई नाराजगी ,शासन ने मौखिक घोषणा की थी समिति से हटा कर शिक्षा विभाग में सभी आत्मानंद विद्यालय को मिलने की, महीनों गुजरने के बाद भी अभी तक शिक्षा विभाग में नहीं मिलाया गया है

**समर्थकों और शुभचिंतकों की बधाई**- श्री हर्षवीर वैष्णव को इस नियुक्ति के लिए उनके सहयोगियों, शिक्षकों और शुभचिंतकों से बधाई मिल रही है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और उम्मीद जताई है कि वह अपने पद पर रहते हुए संघ को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। यह नियुक्ति न केवल हर्षवीर वैष्णव के लिए बल्कि पूरे राजनांदगांव जिले के लिए गर्व की बात है। उनका योगदान राज्य में शिक्षकों और कर्मचारियों की दशा और दिशा को सुधारने में सहायक होगा।

## अमृत सरोवर पर संविधान दिवस, जागरूकता और प्रतियोगिताओं का आयोजन



**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन और परियोजना निदेशक श्री हेमंत ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर स्थल पर 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन भी होगा। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ एवं मनरेगा कार्यक्रम अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य संविधान के प्रति नागरिकों को जागरूक करना और उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों का महत्व समझाना है। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान की उद्देशिका के सामूहिक पाठ से होगी। छात्रों के लिए निबंध लेखन एवं भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिले के प्रमुख अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण एवं मनरेगा जॉब कार्ड धारक नागरिकों और छात्रों को संविधान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी को आमंत्रित किया गया है। जिले में 64 अमृत सरोवर स्वीकृत किया गया है। जहां सभी अमृत सरोवर में जल संचय 10 क्वी मीटर क्षमता के वाली अमृत सरोवर बनाया जाना है एवं अमृत सरोवर से भू-जल स्तर बढ़ा एवं तालाब के पास की जमीन की सिंचाई में भी वृद्धि हुआ हैं। प्रत्येक अमृत सरोवर व्याख्यान के माध्यम से छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं के बारे में जानकारी भी दी जावेगी। जिले में कुल स्वीकृत कार्य 64 प्रगति 4 अप्रारंभ 21 पूर्ण 39 कार्य है।



## कुम्हारों को आबंटित भूमि पर हो रहा अतिक्रमण, हितग्राहियों ने सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में कुम्हारों के लिए ग्लेजी यूनिट हेतु आरक्षित व चिन्हांकित भूमि के सामने किये जा रहे अतिक्रमण को लेकर गुस्साये लोगों ने अतिक्रमण को हटाने की मांग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी डोंगरगांव के नाम से नायब तहसीलदार झरना राजपूत को ज्ञापन सौंपा है और शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। ग्राम करियाटोला, प. ह. नं. 24, रानिमं डोंगरगांव नगर पंचायत व तहसील डोंगरगांव, में स्थित भूमि खसरा नं. 168/2, रकबा 0.282 है. शासकीय भूमि, उ. ग. शासन (ग्रामोद्योग भूमि) 14.08.2023 को न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के निर्देशानुसार पार्षद, इंजीनियर, ठेकेदार, कोटवार, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी एवं अन्य लोगों की उपस्थिति में उक्त स्थल मौका नाप कर ग्लेजी यूनिट हेतु भूमि चिन्हांकित कर सुरक्षित रखा गया था। उक्त स्थल पर ग्लेजी यूनिट का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। उक्त निर्माणाधीन ग्लेजी यूनिट के सामने एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जबकि हमारे समाज द्वारा उन्हें व्यक्तिगत रूप से अनेकों मर्तबा मना किया गया और बताया गया कि यह ग्लेजी यूनिट में आने जाने का मार्ग है तथा यूनिट का अन्य सामान भी वहां रखा जाना है। लेकिन उक्त व्यक्ति मान नहीं रहा है। उक्त व्यक्ति द्वारा किये गये अतिक्रमण को 24 घंटे के अंदर हटाने की मांग की गई है अन्यथा समाज के लोग मुख्य मार्ग में आकर चक्काजाम व धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होकर आंदोलन करेंगे नगर के कुम्हार समाज द्वारा ज्ञापन दिया गया है जिनमे नायब तहसीलदार ने जांच कर कार्यवाही की बात कही गई हैं।



## अनुशासनहीनता और सोशल मीडिया के अनुचित उपयोग पर आरक्षक निलंबित

**अरविन्द तिवारी**

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के थाना पिपरिया के आरक्षक क्रमांक 775 अशोक चंद्रवंशी द्वारा सोशल मीडिया का दुरुपयोग करते हुये ऐसे कृत्य किये गये , जो सामाजिक सौहार्द्र को भंग करने और हिंसात्मक प्रवृत्तियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास थे। यह कृत्य ना केवल पुलिस विभाग की आचार संहिता और अनुशासन का उल्लंघन है , बल्कि पुलिसकर्मियों से अपेक्षित नैतिक और पेशेवर जिम्मेदारियों के प्रति घोर लापरवाही को भी दर्शाता है। थाना प्रभारी पिपरिया द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया गया कि आरक्षक अशोक चंद्रवंशी द्वारा सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट किये गये , जिनसे समाज में वैमनस्यता और तनाव उत्पन्न हो सकता था। पुलिस मुख्यालय द्वारा सोशल मीडिया उपयोग के लिये स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं , जिनका उल्लंघन करते हुये आरक्षक ने विभागीय मर्यादाओं और निर्देशों की अवहेलना की। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) ने मामले की गंभीरता को देखते हुये आरक्षक अशोक चंद्रवंशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिये हैं। जांच के उपरांत कदाचार में दोषी पाये जाने पर उनके विरुद्ध कठोरतम अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया है कि वे सोशल मीडिया का उपयोग करते समय विभागीय नियमों का कड़ाई से पालन करें और अपने आचरण से समाज में पुलिस विभाग की छवि को मजबूत करें। उन्होंने यह भी कहा कि अनुशासनहीनता या कर्तव्य के प्रति लापरवाही के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जायेगी। यह कार्रवाई पुलिस विभाग के अनुशासन और मर्यादा को बनाये रखने की दिशा में एक कड़ा संदेश है और यह सुनिश्चित करती है कि किसी भी कर्मचारी द्वारा विभागीय गरिमा का हनन ना हो।



## धर्म समाचार....

## साल 2025 में कब-कब है एकादशी? नोट करें सही डेट एवं पूरी लिस्ट



धार्मिक मत है कि एकादशी व्रत करने से साधक को बैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही जाने-अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। वैष्णव समाज के लोग एकादशी के दिन व्रत रख लक्ष्मी नारायण जी की विधि-विधान से पूजा करते हैं। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है।

सनातन धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। यह तिथि भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। साथ ही एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। इसके साथ ही पृथ्वी लोक पर स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होती है। अत: साधक श्रद्धा भाव से एकादशी का व्रत रखते हैं। वैष्णव समाज के लोग एकादशी का पर्व उत्सव की तरह मनाते हैं। अगर आप भी एकादशी का व्रत रखते हैं, तो साल 2025 में पड़ने वाली एकादशी व्रत की सही डेट नोट अवश्य कर लें। आइए जानते हैं-

**साल 2025 में पड़ने वाली एकादशी की तिथियां**

10 जनवरी को पौष पुत्रदा एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष पौष माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन मनाया जाता है। 25 जनवरी को षटतिला एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष माघ माह के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि के एक दिन पहले मनाया जाता है। 08 फरवरी को जया एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि के एक दिन पहले मनाया जाता है। 24 फरवरी को विजया एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 10 मार्च को आमलकी एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 25 मार्च को पापमोचिनी एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 08 अप्रैल को कामदा एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 24 अप्रैल को बरूथिनी एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 08 मई को मोहिनी एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 23 मई को अपरा एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 06 जून को निर्जला एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। वहीं, वैष्णव समाज के अनुयायियों के लिए 07 जून को निर्जला एकादशी है। 21 जून को योगिनी एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। वैष्णव समाज के अनुयायियों के लिए 22 जून को निर्जला एकादशी है। 06 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन से भगवान विष्णु क्षीर सागर में विश्राम करने चले जाते हैं। देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू होता है। 21 जुलाई को कामिका एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष सावन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 05 अगस्त को सावन पुत्रदा एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 19 अगस्त को अजा एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 03 सितंबर को परिवर्तिनी एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 17 सितंबर को इन्दिरा एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 03 अक्टूबर को पापांकुशा एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 17 अक्टूबर को रमा एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 01 नवंबर को देवउठनी एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागृत होते हैं। 15 नवंबर को उत्पन्ना एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 01 दिसंबर को मोक्षदा एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 15 दिसंबर को सफला एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। 30 दिसंबर को पौष पुत्रदा एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष पौष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# शासन द्वारा जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी युद्ध स्तर पर की जा रही

## जिले में अब तक 16 हजार 378 पंजीकृत किसानों से 780636.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई, शासन की नई व्यवस्था ऑनलाईन टोकन तुंहर हाथ एप्प के माध्यम से किसान धान बिक्री के लिए टोकन कर रहे प्राप्त



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी युद्ध स्तर पर की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन प्रशासनिक अमला धान खरीदी के कार्य में लगा हुआ है। जिले में 1 लाख 32 हजार 729 पंजीकृत किसानों से 77 लाख 37 हजार 570 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। जिले में अब तक 16 हजार 378 पंजीकृत किसानों से 780636.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।शासन द्वारा किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातें में राशि प्राप्त हो रही है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में नई सुविधा की शुरूआत की गई हैं। धान उपार्जन केन्द्रों में माईक्रो एटीएम लगाये गए हैं। माइक्रो एटीएम में प्रतिदिन 10 हजार रूपए अधिकतम आहरण की सीमा निर्धारित है। जिले के किसानों में माइक्रो एटीएम के माध्यम से शीघ्र राशि मिल जाने पर खुशी है। शासन की नई व्यवस्था ऑनलाईन टोकन तुंहर हाथ एप्प के माध्यम से किसान धान बिक्री के लिए टोकन प्राप्त कर रहे हैं। धान उपार्जन के दौरान समस्याओं के निराकरण के लिए कॉल सेंटर का नंबर 18002333663 चस्पा किया गया है। धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से अच्छी गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी की जा रही है। किसानों के लिए धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नापतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, आर्द्रतामापी यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है। धान उपार्जन केन्द्रों में मोटा, पतला एवं सरना धान की खरीदी की जा रही है।



# युवक युवती रिंग बदलने के साथ एक दूसरे को हेलमेट पहनाकर सगाई किए

## सगाई कार्यक्रम में लोगो को एक अलग तरह का संदेश देते हुए समाज सेवक नजर आया



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सड़को पर हो रही हादसों के रोकथाम में अब कई युवा अपने अलग अलग अंदाज में समाज सेवा करते नजर आ रहे है, कोई सड़को पर रेडियम पॉइंट लगाता है तो कोई जानवरों को सड़को से हटाता है, कोई समाज सेवक फ्री एंबुलेंस सर्विस तो कोई फ्री दवाई उपलब्ध कराता है, रक्तदान में राजनंदगांव का एक अलग ही पहचान है। इसी तरह 24 नवंबर को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड करियाटोला में साहू समाज एक पारिवारिक सगाई कार्यक्रम में लोगो को एक अलग तरह का संदेश एक देते हुए एक समाज सेवक नजर आया, जहाँ सगाई के रश्म में अंगूठी बदलने का रिवाज है वही कल यह युवक व युवती एक दूसरे को रिंग के साथ साथ हेलमेट पहनकर सगाई की तथा समाज से निवेदन किया की वाहन चलाते समय हेलमेट पहने।

बता दे की जारवाही तहसील डोंगरगढ़ निवासी बीरेन्द्र साहू जो की ग्राम पंचायत भानपुरी में सचिव के पद पर पदस्थ है जिनका सगाई डोंगरगांव करियाटोला निवासी ज्योति साहू से तय हुआ है और इनकी सगाई के दौरान ये दोनों युवक युवती रिंग बदलने के साथ एक दूसरे को हेलमेट पहनाकर सगाई किए था पूरे समाज, परिवार और ग्राम वासियों को हाथ जोड़कर निवेदन कि आप सभी बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहने। बता दे युवक बीरेन्द्र साहू नगर डोंगरगांव के लोक सेवा केन्द्र के संचालक और हेलमेट संगवारी धर्मेन्द्र साहू के छोटे भाई है जो की अपने पिता के सड़क दुर्घटना में निधन के बाद से सड़को पर लोगो को हेलमेट पहनने जागरूक करने के साथ साथ लोगो को हेलमेट दान करता है, धर्मेन्द्र साहू से बात करने पर बताया कि पिता का निधन सिर में चोंट लगने की वजह से हुआ था और उस



समय पिता जी हेलमेट नहीं पहने थे, तब से यह युवक लोगो को हेलमेट पहनने और हेलमेट दान करने में लग गया, अब इनके साथ इनका पूरा परिवार जिसमे पत्नी त्रिवेणी भाई मोहित साहू बहू सरिता भाई बीरेंद्र तथा माँ कुमारी साहू भी अब इस पहल के लिए लोगो को प्रेरित करने में सहयोग कर रहे है। धर्मेन्द्र साहू द्वारा द्वारा अब तक 1 हज़ार से भी अधिक हेलमेट लोगो को दान कर चुके है तथा कई सड़क सुरक्षा तथा हेलमेट। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से हेलमेट पहनने के लिए लोगो को प्रेरित कर रहे है । नगर में कुछ मीडिया साथियों ने दिया हेलमेट संगवारी का नाम - श्री साहू के इस पहल को नगर डोंगरगांव के मीडिया साथियों ने हेलमेट संगवारी का नाम दिया है साथ ही इनके इस पहल की प्रशासन के साथ समाज भी सराहना कर रहे है। साथ ही समाज

# आचार्य सुरेश चतुर्वेदी करा रहे श्रीमद् भागवत कथा का अमृतपान

## 28 को होगी पूर्णाहुति ,श्रद्धालु ले रहे लाभ



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय बी एन सी मिल , श्री राम मंदिर में इन दिनों श्रीमद् भागवत कथा का अमृतपान वृंदावन से पधारे आचार्य सुरेश कुमार चतुर्वेदी द्वारा कराया जा रहा है । प्रतिदिन प्राय: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और सांध्य 3 बजे से 6 बजे तक मिलचाल वासियों द्वारा श्री नारायण के भजन - कीर्तन से पूरा क्षेत्र वृंदावन में तब्दील हो रहा है । भागवत सत्संग समिति के तत्वावधान में कराए जा रहे भागवत प्रवचन में श्रद्धालु जनता अंतर्मन से शामिल होते हुए कथा का रसपान कर रही है । मुख्य जजमान वरुण तिवारी एवं परिवार के साथ ही राजनांदगांव की धर्म प्रेमी जनता का भक्तिभाव देखते ही बनता है । भागवत कथा 21 नवंबर से शुरू होने के बाद आज पांचवे दिन में पहुंचते - पहुंचते सुंदर काण्ड एवं भजन संध्या को संपन्न कर चुकी है । प्रतिदिन भगवान श्री नारायण के जग कल्याणकारी प्रसंग संस्कारधानी के श्रद्धालु श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं । समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार भागवत कथा का समापन पूर्णाहुति के साथ 28 नवंबर को किया जाएगा । इसी दिन तुलसी वर्षा एवं हवन कर भक्तजन अपनी मनोकामना पूर्ण कर सकेंगे ।



# संविधान दिवस पर डॉ. कानडे गुडियारी रायपुर में मुख्य अतिथि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अधिवक्ता डॉ. आर.एल. कानडे (एम.ए. ,बी.एड., एल.एल.बी., एल.एल.एम., पी.एच.डी. )(सामाजिक न्याय एवं आरक्षण) उच्चतम शोधार्थी डी.लिट एवं एल.एल.डी. राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार 2022 छत्तीसगढ़ प्रसून (फूल) से सम्मानित तथा संविधान रक्षा सम्मान से सम्मानित कानून एवं संविधानविद 26 नवम्बर 2024 को गुडियारी रायपुर में संविधान दिवस के भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। संविधान समीक्षा के विरूद्ध 1998 में दिल्ली में आंदोलन कर तथा संविधान समीक्षा के विरूद्ध तत्कालीन केन्द्र सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट को 10 पृष्ठ का जवाब देकर भारतीय संविधान की रक्षा में अहम भूमिका अदा की थी इसलिए संविधान रक्षा सम्मान से समाज से सम्मानित किया तथा 80 दिन सत्याग्रह करके मेकाहारा रायपुर का नाम डॉ. आम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय करवाने में आपका प्रशंसनीय योगदान रहा है। इस हेतु आपको छत्तीसगढ़ प्रसून (फूल) से सम्मानित किया गया है। यह प्रेस विज्ञप्ति नाथू राम सहारे ने दी।



# 26 नवम्बर संविधान दिवस पर लोकतंत्र सेनानी दिल्ली में करेंगे धरना प्रदर्शन - मनोज निर्वाणी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोकतंत्र की हत्या का हत्यारा कौन? मांग को लेकर सेनानियों का 26 को दिल्ली में प्रदर्शन मनोज निर्वाणी लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णय पर संपूर्ण देशभर के लोकतंत्र सेनानी 26 नवंबर संविधान दिवस पर दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल धरना प्रदर्शन लोकतंत्र की हत्या का हत्यारा कौन ? की मांग को लेकर केंद्र शासन से मांग करेंगे कि देश की जनता को यह बताया जाए की आजादी के बाद से आज तक कांग्रेस सरकार ने कब-कब संविधान की हत्या अपने निहित स्वार्थ के लिए की? सन 1975 से 1977 के मध्य लगाया गया आपातकाल लोकतंत्र व संविधान की हत्या का सबसे बड़ा जीवंत उदाहरण है, मनोज निर्वाणी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की सरकार ने प्रतिवर्ष 25 जून को लोकतंत्र की हत्या दिवस घोषित किया है उसका हम स्वागत करते हैं परंतु देश की भावी पीढ़ी को यह जानने का नैतिक अधिकार है कि आखिर लोकतंत्र का हत्यारा कौन है?क्यों 25 जून को लोकतंत्र हत्या दिवस मनाया जावे? यह घोर अपराध किसने किया? क्यों लाखों निरपराध लोगों को 21 माह तक जेल की यातनाएं दी गई? क्यों न्यायालयों व मीडिया कीआजादी छीन ली गई ? ऐसे इन प्रश्नों को उजागर करने हेतु केंद्र शासन श्वेत पत्र जारी कर करें ,यह मांग की जावेगी ।धरना प्रदर्शन में पुरजोर रूप से मांग की जावेगी की यह अपराध किसने किया यह भी देश की जनता जाने इस हेतु आयोग का गठन कर देश के सामने यह स्पष्ट किया जावे की आज जो लोग संविधान की रक्षा की बात कर संविधान हाथों में लेकर नौटंकी कर रहे हैं, यह वही लोग हैं जिन्होंने आजादी के बाद देश में आपातकाल जैसी स्थितियां अनेक बार निर्माण कर अपनी सत्ता की लालसा के चलते संविधान की बार-बार हत्या की। मनोज निर्वाणी ने कहा कि धरना के माध्यम स केंद्र शासन से मांग की जावेगी कि आपातकाल के दौरान जिन्हें अकारण जेलों में बंद कर दिया गया उन्हें आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ अर्थात 25 जून को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कर संविधान के हत्यारों को उजागर किया जावे।





# शोकाकुल परिवार मिलने पहुंचे कांग्रेस परिवार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा में उपसरपंच एवं संयुक्त महामंत्री ब्लांक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव कृत लाल पटेल पिता जी बिजे पटेल निधन हो गया था दशगात्र कार्यक्रम जिसमें शोकाकुल परिवार से मुलाकात करने जिलाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी कुलबीर सिंह छाबड़ा प्रदेश सचिव महामंत्री मेहुल मारू उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस राजू खान सयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव तुकज साहू योगेन्द्र दास वैष्णव अध्यक्ष ब्लांक किसान कांग्रेस ओमप्रकाश साहू वरिष्ठ कांग्रेसी देबू यादव कुंदन चंदाकर सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर पूर्व सरपंच पुनू पटेल सरपंच प्रतिनिधि केशव हिरवानी मुकेश चंदाकर डामन वैष्णव सुनील कोठारी धर्मेन्द्र साहु सहित कार्यकर्ता मिल कर सुख-दुख में कांग्रेस परिवार आपके साथ हमेशा रहेगा तथा शोकं संवेदना व्यक्त किया।



# स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत के आम व उप निर्वाचन 2024-25 के लिए स्थानीय निर्वाचन कार्यालय राजनांदगांव में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसका दूरषाभ क्रमांक 07744-227628 है। डिप्टी कलेक्टर श्री अमीय श्रीवास्तव को कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही कंट्रोल में तीन पालियों कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। कार्यालय राज्य कर सहायक आयुक्त राजनांदगांव के सहायक ग्रेड-3 श्री संतोष कुमार खडग़ी की सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक, कार्यालय जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव के सहायक ग्रेड-3 श्री लोकेश्वर साहू की दोपहर 2 बजे से शाम 8 बजे तक एवं कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा राजनांदगांव के सहायक ग्रेड-3 श्री कृष्णकांत ठाकुर की शाम 8 बजे से सुबह 8 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। कर्मचारियों को स्थानीय निर्वाचन जिला कार्यालय राजनांदगांव स्थित कंट्रोल रूम में निर्धारित समयानुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# छत्तीसगढ़ सब जूनियर बालिका हॉकी टीम नेशनल हेतु सिकन्दराबाद रवाना

## सभी खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक और प्लेयिंग किट का किया गया वितरण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दिनांक 26 नवम्बर से 06 दिसम्बर 2024 तक सिकन्दराबाद (तेलंगाना) में आयोजित सबजूनियर बालिका नेशनल हॉकी प्रतियोगिता हेतु राज्य कि सब-जूनियर बालिका हॉकी टीम वेनगंगा एक्सप्रेस से राजनांदगाव से सिकन्दराबाद के लिए रवाना हुई । छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप में चयनित खिलाडियो का चयन विगत दिनो टीम के कोच अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित प्रशिक्षण शिविर से किया गया है। जिसमें उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम 18 खिलाडीयों का चयन उक्त प्रतियोगिता के लिए किया गया। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के मुख्य आतिथ्य तथा अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे विशेष उपस्थिति में उक्त प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया द्वारा की गई पहल के तहत अल्फा एक्स नाइन की हॉकी स्टिक तथा छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा प्लेयिंग किट तथा अन्य खेल सामाग्री का वितरण किया गया है।इस अवसर पर हॉकी कोच शकील अहमद, किशोर धीवर, अनीश अहमद, खेमराज सिन्हा,कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे। राज्य की सबजूनियर बालिका हॉकी टीम का पहला मैच दिनांक 27 नवम्बर 2024 को हॉकी झारखंड के साथ खेला जायेगा। उक्त चैम्पियनषीप में राज्य की सबजूनियर बलिका हॉकी टीम में शामिल



खिलाड़ीयों में कु. नौरीन हयात ,कु विशाखा,कु वसुंधरा मंडावी, कु स्यामली राय, कु सोनम राजभर,कु आराधना राजभर,कु दुबी रावत,कु परमेस्वरी,कु दामिनी खुशरो,कु जिज्ञाशा कस्यप,कु मधु सिदार,कु अंजलि एक्का, कु नैना,कु काव्य सिंह ठाकुर,कु सुधा साहू,कु.फातिमा जरीन,कु स्मिता कुजूर,कु ट्वींकल प्रजा, श्री मृणाल चौबे (कोच)श्री अमिताभ मानिकपुरी सहायक कोच,व श्रीमती अवंतिका पाठक मैनेजर के रूप में शमिल है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com